दिनांक : 30.06.2025 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

जल गंगा संवर्धन अभियान

मध्य प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए तीन महीने से चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा है। इस अभियान के दौरान प्रदेश में 2048 करोड़ रुपयों की लागत से 83 हजार से ज्यादा तालाब बनाए गए हैं, जिनसे खेतों की सिंचाई होगी। इसके अलावा चालीस लाख लोगों की भागीदारी से पांच हजार से अधिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री यादव 1518 करोड़ रुपए से अधिक लागत के जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के समापन के बाद हम "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण का कार्य भी शुरू करेंगे, ताकि जल संरचनाओं का प्राकृतिक सौंदर्य स्थाई बना रहे। ये वृक्ष भविष्य में जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वर्ष 2047 सिरमौर भारत

भारत के हर राज्य, हर क्षेत्र में, अपनी मातृभाषा में शिक्षा दी जाती थी और भारत की अपनी समृद्ध शिक्षा पद्धति थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 ने पुनः भारत केंद्रित शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के पुनर्निर्माण का सौभाग्यशाली अवसर दिया है। यह बातें राज्य के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कही हैं। रवीन्द्र भवन में आयोजित "प्रतिभा सम्मान समारोह–2025" में सहभागिता करते हुए श्री परमार ने कहा कि हमें भारत के दर्शन को समझना होगा। गर्व के भाव के साथ भारतीय दृष्टि से हर क्षेत्र, हर विषय में विद्यमान परम्परागत भारतीय ज्ञान को पुनः विश्वमंच पर स्थापित करना होगा। देश की गौरवशाली उपलब्धियों पर जनमानस को गर्व करने की आवश्यकता है।

यूजीसी रैगिंग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने रैगिंग रोकथाम विनियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों– आईआईटी, तीन भारतीय प्रबंधन

संस्थानों–आईआईएम और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित देश के 89 संस्थानों को नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार इन संस्थानों ने बार–बार कहने के बावजूद विद्यार्थियों से लिखित में अनिवार्य रैगिंग रोधी वचनबद्धता और संस्थानों से अनुपालन वचनबद्धता प्रस्तुत नहीं की है। रैगिंग संबंधी यूजीसी विनियम 2009 का अनुपालन सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए अनिवार्य है। नियमों का अनुपालन नहीं करने से न केवल यूजीसी के दिशानिर्देशों का उल्लंघन होता है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को भी खतरा उतपन्न होता है।

चार धाम यात्रा

उत्तराखंड में तेज बारिश के कारण चार धाम यात्रा पर लगाया गया अस्थायी प्रतिबंध, आज हटा लिया गया है। हालांकि प्रशासन ने निवासियों तथा तीर्थयात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आपको बता दें कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण 100 से ज्यादा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की सूचना मिली है।

मौसम

प्रदेश में बारिश और आंधी तूफान का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान शहडोल, जबलपुर,भोपाल, इन्दौर संभाग के जिलों में तेज बारिश हुई। आज भी अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। विभाग ने आज मंडला, बालाघाट, सिहोर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, श्योपुरकला में भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

समाचार संक्षेप में–

- शिवपुरी जिला प्रशासन द्वारा जून, जुलाई एवं अगस्त माह के एकमुश्त राशन का आवंटन समय–सीमा में प्रदान करने के निर्देश दिए है।
- सिंगरौली कलेक्टर ने जिले के सभी पेट्रोल पम्पो में उत्पाद की गुणवत्ता एवं पंपों पर उपलब्ध नागरिक सेवाओं की जांच के लिए अनुभागवार दल गठित किए गए है।

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के नाट्य शास्त्र के छात्रों ने काठमांडू में 19 वें विश्व संस्कृत सम्मेलन में शूद्रक कवि रचित मृच्छकटिक नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी।

- बैतूल जिले में होने वाले मां ताप्ती जन्मोत्सव के दौरान पालीथीन एवं प्लास्टिक डिस्पोजल को प्रतिबंधित किया गया है

और

- कटनी जिले में अब तक 10 लाख 98 हजार 774 नागरिकों की समग्र ई–केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 68 फीसदी है।